B.A.-III (New CBCS Pattern) Semester - V

BA25B-3 : Hindi Literature

P. Pages : 3 | GUG/S/23/13020

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

सुचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

अ) 'भारतमाता' शीर्षक काव्य रचना की भावधारा का परिचय दीजिए।

अथवा

ब) 'राम की शक्तिपूजा' काव्य की विशेषताएँ बताईये।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से **किसी एक** ही समूहके सभी अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

समूह 'क'

1) हिमाद्रि तुंग श्रृंग से
प्रबुध्द शुध्द भारती
स्वयंप्रभा समुज्जवला
स्वतंत्रता पुकारती ——
अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुष्प पंथ है, बढे चलो - बढे चलो॥

2) इस करूणा कलित हृदय में,
अब विकल रागिनी बजती,
क्यों हाहाकार स्वरों में
वेदना असीम गरजती॥

3) 'एक क्षण के बाद वह काँपी सुधर,
ढुलक माथे से गिरे सिकर,
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा -
'मैं तोडती पत्थर।'

4) संस्कृत वाणी, भाव, कर्म, संस्कृत मन,
सुंदर हो जन वास, वसंत, सुंदर तन।
ऐसा स्वर्ग धरा पर हो समुपस्थित
मन मानव संस्कृति किरणों से ज्योतित॥

अथवा

5) पावस ॠतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल - पल परिवर्तित प्रकृति - वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग - सुमन फाड,
अवलोक रहा है बार - बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों से पला ताल
दपर्ण सा फैला है विशाल॥

6) अभिलाषाओं का कटवट
फिर सुप्त व्यथा का जगता
सुख का सपना हो जाता
भीगी पलकों का गलना॥

7) है अमाविशा, उगलता गगन घन अंधकार
खो रहा दिशा की ज्ञान, स्तब्ध है पवन चार,
अप्रतिहत गरज रहा पीठे अंबुधि विशाल,
कूधर ज्यों ध्यान मग्न, केवल जलती मशाल।

8) तू रंगा और मैं घुला
पानी मैं, तू बुलबुला
तू ने दुनिया को बिगाडा
मैने गिरने से उभाडा
तूने रोटी छीन ली जनखा बनाकर
एक की दीं तीन मैने गुन-गुनाकर॥

3. निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 15

1) 'लहर' कविता का भावार्थ लिखिए।

2) "कुकुरमुत्ता" कविता का केंद्रीय भाव लिखिए।

3) 'प्रथम रश्मि' का प्रकृति चित्रण अपने शब्दों में लिखिए।

4) 'नव संस्कृति' का संदेश स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। **15**

1) रीतिकाल की पृष्ठिभूमि को स्पष्ट कीजिए।

2) रीतिकाल को श्रृंगारकाल क्यों कहा जाता है?

3) रीतिकाल की विशेषताएँ लिखिए।

4) कवि बिहारी का परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित सभी अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

1) 'तोडती पत्थर' नामक कविता के आधार पर संक्षेप में बतलाइए कि कवि निराला ने क्या देखा।

2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' शीर्षक कविता में अंकित प्रकृति की मनोहारी दृश्यों का वर्णन कीजिए।

3) कवि पंत की नव संस्कृति किसे मानते है?

4) 'हिमाद्री तुंग श्रृंग' के कवि कौन है?

5) रीतिकाल के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

****